तुलसी तुलसी तुलसी तुलसी। तुलसी तुलसी तुलसी तुलसी।।
तुलसी तुलसी तुलसी तुलसी। तुलसी तुलसी तुलसी तुलसी।।
(।।श्रा.शु.सप्तमी ।।बाबा तुलसीदास महाराज स्मरण ।।)

तुलसी जन्म जयंती विशेष

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 19 | इंदौर, गुरुवार 31 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



मोरारी बापू

# तुलसी अस्तित्व की कोई व्यवस्था है...

## तुलसी बोले तो मुझे लगे कि महादेव बोले..
## होंठ तुलसी के हिलते हैं ... बोलते हैं मेरा विश्वनाथ...



मुझे लगता है जैसे 7 सोपान है .....वैसे तुलसी के इर्द-गिर्द भी 7 रत्न है.....

1... एक तुलसी स्वयं रत्न है ....विश्व का रत्न है ....उसके समान कौन रत्न है ?..... सागर से निकले 14 रत्नों से भी ऊपर कोई रत्न है तो तुलसी है.....

2... और दूसरा रत्न... मेरी दृष्टि में .... जिस महापुरुष तुलसी के पिता बन कर आए .....जो पिता है सरयूपरी ब्राह्मण..... आत्माराम दुबे ....ये दूसरा रत्न है ....

3...तुलसी जी की मातुश्री.... जन्म दात्री... हुलसी जी.... ये तीसरा रत्न है ....

4... चौथा रत्न.... जिस दासी ने तुलसी को बड़ा किया.... माँ तो मर गई ......जो दासी तुलसी को बड़ा करती है..... वो चौथा रत्न है मेरी दृष्टि में .....

5....पाँचवा रत्न है.... तुलसी जी की प्रथम गुरु देवी रत्नावली जी ......

6...छठ्ठा रत्न .....तुलसी के सद्गुरु नरहरी महाराज......

7.... और साँतवा रत्न है राम नाम ......

ये सात रत्न .....तुलसी सहित ये 7 जो है मेरी दृष्टि में रत्न है .......उनकी हम स्मृति करेंगे रत्नावली में .......

एक माला होती है उसमें कई मणि होते हैं .....उसमें मुख्य जो होता है उसको भी रत्नावली कहते हैं..... जिसको मेरु कहते हैं .......और अर्थ लगाने में मुझे कोई संकोच नहीं कि शायद तुलसी की इस सप्त मणके की माला में रत्नावली शायद मेरु है .....शायद मेरु है..... शायद मेरु है.....

।। राम कथा । मानस रत्नावली-मोरारी बापू ।।



MORARI BAPU

'रामायण' सभी को समान मानकर सभी को प्रेम देता है।

'Ramayana' reckons everyone as equal, it gives love to everyone.

सत्य-प्रेम-करुणा...

Chitrakutdham Talgajarda



MORARI BAPU

'रामचरितमानस' का आदि सत्य है, उसका मध्य प्रेम है और उसका समापन करुणा में होता है।

The beginning of 'Ram Charit Manas' is Truth, its middle portion is Love & it concludes in Compassion.

सत्य-प्रेम-करुणा...

Chitrakutdham Talgajarda



MORARI BAPU

तुलसी का 'रामचरितमानस' ग्रंथ हमारे जीवन का एक पंथ बन गया है।

Tulsiji's volume of 'Ram Charit Manas' has become the Path of our life.

सत्य-प्रेम-करुणा...

Chitrakutdham Talgajarda

# समय पर काम न होने पर अफसरों से वसूली

## 11,900 से ज्यादा प्रकरणों का हुआ निपटारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हमने विशेष राजस्व अभियान पिछले महीने की 15 तारीख से शुरू किया, जिसकी समय सीमा 31 जुलाई रखी है। इस अभियान में लक्ष्य रखा कि 31 मई तक जितने भी हमारे राजस्व के प्रकरण मिले है उन सभी का निराकरण किया जाएगा।**

यह कहना है कलेक्टर आशीष सिंह का। उन्होंने बताया कि बुधवार को राजस्व अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही कलेक्टर ने एक आदेश भी निकाला है। कलेक्टर आशीष ने बताया कि समीक्षा में पाया कि डेढ़ महीने में नामांतरण के करीब 5 हजार प्रकरण, सीमांकन के लगभग ढ़ाई हजार प्रकरण और बटांकन के लगभग दो हजार प्रकरण इसी प्रकार अभिलेख दुरुस्ती, कब्जे वाले विवाद सहित कई प्रकरणों का निराकरण किया है। कल यानी 31 जुलाई तक हमारे पास कोई भी ऐसा प्रकरण नहीं रहेगा जो 31 मई से पहले का हो।



### अभिलेख दुरुस्ती के 1404 प्रकरणों

इस तरह जिले में अभियान के तहत कुल 11 हजार 904 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि बुधवार को एक नया आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति 31 जुलाई के बाद यह सूचना देता है कि उसने आरसीएमएस प्रकरण का क्रमांक या लोक सेवा केंद्र में जमा प्रकरण की पावती दिखाई है, और वह पावती 31 मई से पहले की है, लेकिन उसका प्रकरण अब तक निराकृत नहीं हुआ, तो उस व्यक्ति को 5 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा। साथ ही, इस देरी के लिए संबंधित राजस्व अधिकारी से वसूली भी की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह पहला ऐसा अभियान है जिसमें सभी लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों की काम के लिए तारीफ की और कहा कि उन्होंने अभियान के तहत मामलों को तेजी से निपटाया है। उन्होंने निर्देश दिए कि अब आगे भी राजस्व से जुड़े मामलों को जल्दी और लगातार सुलझाया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिन मामलों का हल हो गया है, उनका अमल तुरंत कराया जाए और सारी जानकारी रजिस्टर और रिकॉर्ड में समय पर दर्ज की जाए, ताकि बाद में कोई परेशानी न हो।

**इतने प्रकरणों का किया निराकरण**

नामांतरण के 5079 प्रकरण
सीमांकन के 2305 प्रकरण
बटांकन के 1994 प्रकरण
रास्ता विवाद के 209 प्रकरण
कब्जा विवाद के 271 प्रकरण

# ट्रैफिक सुधार की कवायद लेकिन ई रिक्शा पर नहीं लगाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भोपाल में स्कूली बच्चों को लाने ले जाने में ई रिक्शा के उपयोग पर कलेक्टर ने रोक लगा दी है, लेकिन इंदौर में अभी तक इस तरह की कवायद नहीं हुई है, जबकि भोपाल से ज्यादा ई रिक्शा इंदौर में स्कूली बच्चों को ढो रहे है। कई बड़े स्कूलों में भी ई रिक्शा अटैच है।**



शहर में ट्रैफिक सुधार को लेकर नगर निगम और प्रशासन मुहिम शुरू करने वाला है। हाईकोर्ट में लगी याचिका के दौरान भी अफसरों ने कहा कि वे ट्रैफिस सुधार की दिशा में ठोस काम करेंगे, लेकिन अभी तक ई रिक्शा पर लगाम नहीं कसी गई। शहर के ट्रैफिक में ये ई रिक्शा समस्या बन रहे हैं। सड़क पर कहीं भी खड़े होने से दूसरे वाहन उन्हें ओवरटेक करते हैं। इस कारण हादसे हो रहे हैं। इसके अलावा चौराहों के लेफ्ट टर्न पर भी आजकल ई रिक्शा खड़े नजर आते हैं, जबकि लेफ्ट टर्न बाएं ओर के ट्रैफिक को निर्बाध रूप से सतत जारी रखने के लिए होता है। ई रिक्शा इंदौर में स्कूली बच्चों को ढो रहे हैं। स्कूल प्रबंधन की भी इस पर निगरानी नहीं है, जबकि ज्यादातर ई रिक्शा पूरी तरह से कवर नहीं होते हैं और हादसा होने की स्थिति में रिक्शा में सवार यात्रियों को ज्यादा चोट लगने की संभावना बनी रहती है। इसके बाद भी इस मामले में लापरवाही बरती जा रही है। पिछले दिनों हाईकोर्ट में ट्रैफिक को लेकर याचिका लगी थी। इस की सुनवाई में मेयर पुष्य मित्र भार्गव न्यायमित्र के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में ई रिक्शा को लेकर पॉलिसी बनना चाहिए। उधर, प्रशासन ने ई रिक्शा के पंजीयन पर रोक लगाने और उनके रूट तय करने की कवायद भी की थी, लेकिन वह लागू नहीं हो पाई।

## कर्जदार कर रहे थे परेशान

# रेडीमेड कारोबारी ने फैक्ट्री में किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में वर्षों से कपड़ों की फैक्ट्री चला रहे 65 वर्षीय कारोबारी ने मंगलवार देर रात फैक्ट्री में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कारोबारी राजू नानकानी रोज की तरह रात 10 बजे तक घर लौटते थे, लेकिन इस बार जब वे नहीं पहुंचे और फोन पर भी जवाब नहीं मिला तो बेटे और चाचा ने फैक्ट्री जाकर देखा। वहां राजू फंदे से लटके मिले। पुलिस को मौके से दो पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने कर्ज और कर्जदाताओं की धमकियों का जिक्र किया है।

हीरानगर थाना पुलिस के अनुसार, मृतक राजू नानकानी क्लिफ्टन प्राइड, निपानिया के रहने वाले थे और रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में वर्षों से रेडीमेड गारमेंट्स का कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को उन्होंने अपने भाई भगवान से कहा कि कुछ काम है, इसलिए वे फैक्ट्री में ही रुकेंगे और भाई को घर जाने को कहा। रात करीब 11 बजे जब वे घर नहीं पहुंचे तो पत्नी और बेटा सागर उन्हें लगातार कॉल करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद बेटे सागर ने अपने चाचा के साथ फैक्ट्री जाकर देखा, जहां राजू फंदे पर लटके हुए मिले। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को फैक्ट्री से दो पेज का सुसाइड नोट मिला, जिसमें राजू नानकानी ने कर्ज होने और कर्जदाताओं द्वारा बार-बार परेशान करने की बात लिखी है। बेटे सागर, जो कि एक आईटी इंजीनियर हैं, ने बताया कि उनके पिता बीते कुछ समय से आर्थिक तनाव में थे। वे अकसर कर्ज को लेकर चिंता जताते थे, लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं बताया कि कर्ज कितना है और किन लोगों से लिया है।राजू नानकानी के परिवार में पत्नी, बेटा और एक बेटी हैं। बेटी की शादी हो चुकी है और वह कोलकाता में रहती है। पिता की मौत की खबर मिलते ही वह इंदौर के लिए रवाना हो गई हैं। फिलहाल पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# इंदौर में अब हेलमेट के बगैर नहीं मिलेगा पंपों पर पेट्रोल

## ◆ मेडिकल और इमरजेंसी में छूट

**इंदौर।** इंदौर में एक अगस्त से बगैर हेलमेट पहने वाहन चालक पंपो से पेट्रोल नहीं भरवा पाएंगे। इसके लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी किए है। मेडिकल स्थिति में छूट रहेगी। यदि पेट्रोल पंपों पर कर्मचारियों ने हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल दिया तो फिर पंपों को लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी गई है। यह आदेश 1 अगस्त से लागू होगा। छह साल पहले भी तत्कालीन कलेक्टर पी. नरहरि ने इस तरह का आदेश जारी किया था। कुछ दिनों तक सख्ती चली, लेकिन बाद में पंपों से बगैर हेलमेट के पेट्रोल दिया जाने लगे। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे ने निर्देश दिए थे कि सरकारी कर्मचारी व विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए। इस बैठक के दूसरे ही दिन कलेक्टर ने हेलमेट के बगैर पेट्रोल नहीं भराने के आदेश जारी कर दिए। शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर कलेक्टर के आदेश पहुंच चुके है। इसके अलावा पंप संचालकों को बैठक कर कलेक्टर ने कहा है कि शहर में सड़क हादसों को रोकने के लिए हेलमेट पहनने की आदत वाहन चालकों में होना चाहिए।प्रदेश में सबसे ज्यादा सड़क हादसे इंदौर में होते है। इसे कम करना होगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मेडिकल संबंधी मामलों में यह प्रतिबंध मान्य नहीं होगा। आदेश का पालन नहीं करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 223 के तहत एक्शन लिया जाएगा।



## भगवान नेमीनाथ स्वामी का भव्य जन्म कल्याणक मनाया गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** श्रावण शुक्ल पंचमी 29 जुलाई को 20वीं सदी की महान साध्वी विचक्षण श्रीजी म.सा. की प्रशिष्या साध्वी भाग्ययशा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में भगवान नेमीनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। जिसमें खरतरगच्छ श्रीसंघ की महिला मंडल ने भव्य स्नात्र पूजा करवाई जिसमें छगनलाल हुंडिया, राजेन्द्र गांधी, ललित भंडारी, श्रीमती ललिता बेन हुंडिया, श्रीमती श्वेता लालन, श्रीमती कविता गोलेछा आदि समाज के गणमान्य महिला-पुरुष सम्मिलित हुए। अंत में स्वामीवात्सल्य का लाभ भी सभी ने लिया। उक्त जानकारी खरतरगच्छ श्रीसंघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र मेहता एवं सचिव सतीश हुंडिया ने दी।

# 300 किलोग्राम अमानक प्लास्टिक जब्त 60 हजार रुपए का स्पॉट फाइन अधिरोपित

## झोन-18 वार्ड 63 लोहा मंडी में बड़ी कार्रवाई, गोडाउन पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत दिवस दिनांक 29 जुलाई 25 को झोन क्रमांक 18, वार्ड क्रमांक 63, लोहा मंडी क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की गई। अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्यवाही में क्षेत्र स्थित एक गोडाउन में अवैध रूप से संग्रहित सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 300 किलोग्राम अमानक प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही गोडाउन मालिक राहुल रोड यादराम पटेल के विरुद्ध 60 हजार रुपये का स्पॉट फाईन भी अधिरोपित किया गया। नगर निगम प्रशासन लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, संग्रहण, उपयोग एवं विक्रय के विरुद्ध सख्त कदम उठा रहा है। यह कार्यवाही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ इंदौर के लक्ष्य की दिशा में एक अहम पहल है। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल, सीएसआई विनय मिश्रा, सहायक सीएसआई राहुल लोट, फीडबैक फाउंडेशन (एनजीओ संस्था) जोनल हेड सुरेश चौहान, सहायक दरोगा सोनू उठवाल निगम की अन्य टीम सदस्यगण उपस्थित थे। नगर निगम इंदौर आम नागरिकों से अपील करता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण के संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## जनता कहिन

# मेरा इंदौर "मैं "ही कसूरवार ?

ऐसा लगता है जैसे सिर्फ जनता ही घोर अपराधी है, और सिर्फ़ वही जुर्माना भरने के लिए जिम्मेदार है।

प्रशासन, पुलिस, पी.डब्ल्यू .डी., नगर निगम महापौर और सरकार;

इनमें से किसी को भी कभी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता??? आखिर क्यों??

1.) बिना हेलमेट... जुर्माना 1,000/-

2.) नो-पार्किंग जोन में पार्किंग... जुर्माना 3,000/-

3.) बिना बीमा... जुर्माना 1,000/-

4.) नशे में गाड़ी चलाना... जुर्माना 10,000/-

5.) नो-एंट्री जोन में गाड़ी चलाना... जुर्माना 5,000/-

6.) गाड़ी चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करना... जुर्माना 2,000/-

6.) प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं... जुर्माना 1,100/-

7.) तीन लोगों के बैठने पर... जुर्माना 2,000/-

लेकिनः

1.) ट्रैफ़िक सिग्नल की खराबी... कोई जिम्मेदार नहीं!

2.) सड़क पर गड्ढे... कोई जिम्मेदार नहीं!

3.) फुटपाथों पर अतिक्रमण... कोई जिम्मेदार नहीं! 4.) स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं... कोई जिम्मेदार नहीं!

5.) सड़कों पर कूड़ा बिखरा है... कोई जिम्मेदार नहीं!

6.) सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभे नहीं हैं... कोई जिम्मेदार नहीं!

7.) सड़कें खोदकर बिना मरम्मत के छोड़ दी गई हैं... कोई जिम्मेदार नहीं!

8.) अगर आप किसी गड्ढे में गिरकर घायल हो जाते हैं... कोई जिम्मेदार नहीं!

9.) अगर आवारा गायें या जानवर आपकी गाड़ी से टकरा जाएँ या कोई कुत्ता आपको काट ले... कोई जिम्मेदार नहीं!

10.) सड़क पर बहता सीवेज... कोई जिम्मेदार नहीं!

ऐसा लगता है जैसे जनता ही अपराधी है, और सिर्फ़ वही जुर्माना भरने के लिए जिम्मेदार है। प्रशासन, नगर निगम और सरकार; इनमें से किसी को भी कभी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता।

उन पर कोई नियम लागू नहीं होता। वे किसी भी लापरवाही के लिए कभी जवाबदेह नहीं होते।

क्या उन्हें भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए???

नागरिकों को कड़ी मेहनत करनी होगी, कष्ट सहना होगा, कर चुकाना होगा, जुर्माना भरना होगा, सरकार का खजाना भरना होगा और फिर उन्हें दोबारा सत्ता में लाना होगा!

**( राजा साहब के सोशल मीडिया से साभार ..)**

# हिंदू युवती को एमडी ड्रग्स का नशा कराते पकड़ाया जीशान

## ◆ लड़की बोली- नशे में कई बार संबंध बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मूसाखेड़ी क्षेत्र में मंगलवार रात एक युवक कमरे में हिंदू युवती को एमडी ड्रग्स का नशा कराते रंगे हाथ पकड़ा गया। हिंदू जागरण मंच के नेता मान सिंह परमार और लक्की बाहुबली कमरे में पहुंच तो युवक ने पहले अपना नाम अभिषेक ठाकुर बताया। बाद में पता चला कि असली नाम जीशान पठान है।**

कमरे में मौजूद युवती ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए और अब धर्म बदलने के लिए दबाव बना रहा है। कार्यकर्ताओं को जीशान के मोबाइल में कई लड़कियों के नंबर, चैटिंग और आपत्तिजनक फोटो-वीडियो मिले हैं। आजाद नगर पुलिस ने आरोपी जीशान को हिरासत में ले लिया है। उसपर रेप और धर्म बदलने को लेकर दबाव बनाने केस दर्ज किया गया है। साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं, मकान मालकिन के मोबाइल में भी कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला के फोटो-वीडियो हैं। जेल में बंद कैदियों को रुपए भेजने के प्रमाण भी मिले हैं। युवक खुद को अभिषेक ठाकुर ही बता रहा था, लेकिन कार्यकर्ताओं ने पिटाई की, तब उसने अपनी वास्तविक पहचान बताई। जीशान के पिता का नाम सादिक पठान है और वह जूना रिसाला सदर बाजार का रहने वाला है। उसने बताया कि युवती पांच साल से उसकी दोस्त है। दोनों अक्सर साथ में नशा करते हैं। इस दौरान कई बार उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। युवती ने बताया कि वह सतना की रहने वाली है। यहां पढ़ाई के लिए आई थी। दोस्त की पार्टी में 2023 में जीशान से मुलाकात हुई थी। वह ज्योति परमार के घर पर लेकर गया था। उसने बताया कि आरोपी ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए। वह 2024 से धर्म बदलने के लिए दबाव बना रहा है। मकान मालकिन ज्योति परमार के मोबाइल की जांच में भी कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। उसके मोबाइल में गैंगस्टर सलमान लाला से जुड़े फोटो और वीडियो मिले। इसके साथ ही जेल से भेजी गई कई चिट्ठियां और जेल प्रहरी के जरिए कैदियों को रुपए भेजने की जानकारी भी मिली है। बताया जा रहा है कि जेल प्रहरी द्वारा अपनी पत्नी के गूगल अकाउंट के माध्यम से रुपए ट्रांसफर कराए जा रहे थे, जिसके स्क्रीनशॉट भी मोबाइल में मौजूद थे। हिंदूवादी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस नेटवर्क के जरिए जेलों में नशा भी पहुंचाया जा रहा है। आजाद नगर पुलिस ने जीशान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला गैंगस्टर और जेल प्रहरी के माध्यम से कैदियों को पैसे पहुंचाने से जुड़ा है। इसलिए पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया है और हर संभावित एंगल पर जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि इस नेटवर्क से कौन-कौन जुड़ा है।

# दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मंगलवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। हीरानगर क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जबकि आजाद नगर इलाके में छतरी की केबल चेक कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। हीरानगर थाना क्षेत्र के बापट चौराहे पर मंगलवार सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक संतोष साहू (40) की मौत हो गई। वह कुछ सामान लेने के लिए रास्ते में ऑटो रोककर उतरा था। तभी अज्ञात लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। संतोष न्यू गौरी नगर में रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों ने बताया कि संतोष की चार बेटियां हैं और वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। मयूर नगर में 22 वर्षीय अंकेश पिता शिवलाल टाटू की करंट लगने से मौत हो गई। अंकेश मंगलवार शाम करीब 6 बजे अपने घर की छत पर डिश की छतरी देखने गया था। जब वह छतरी से जुड़ी केबल को हिला रहा था, तभी उसे जोरदार करंट लगा और वह नीचे गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकेश एक कैफे में काम करता था और उसके पिता मजदूरी करते हैं।



# सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन में बनेगी 'स्पिरिचुअल सिटी'

◆ 15 किलोमीटर के दायरे में होंगे बदलाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ 2028 का आयोजन सिंहस्थ स्पिरिचुअल सिटी में होगा। इस सिटी का विकास मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में 29 किमी से अधिक लंबे नवीन घाट निर्माण, शिप्रा शुद्धिकरण के लिए कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना, शिप्रा को प्रवाहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी-सेवारखेड़ी परियोजना, सुगम यातायात और देश में सभी बड़े शहरों से कनेक्टिविटी के लिए 6 और 4 लेन निर्माण, नवीन सैटेलाइट रेलवे स्टेशन विकास आदि कार्यों से सिंहस्थ 2028 का आध्यात्मिक और दिव्य अनुभव श्रद्धालुओं को होगा।**



यह बात श्री अग्नि अखाड़ा के सभापति मुक्तानंद बापू महाराज ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत श्री अग्निअखाड़ा परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान श्री अग्नि अखाड़ा परिसर में नगर निगम सभापति कलावती यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। जिन्होंने आम और आंवले के पौधे का रोपण किया। सभापति यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से बचाव के लिए पौधरोपण कार्यक्रम सतत् जारी रहेगा। कार्यक्रम में जनसंपर्क कार्यालय, उज्जैन संभाग के प्र. संयुक्त संचालक अरुण राठौर ने अमरूद के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में अन्य साधु संत और उपस्थित अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया। उल्लेखनीय है कि संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण के लिए भी 100 पौधे रोपण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

महाकाल लोक के बाद अब उज्जैन में अलग स्पिरिचुअल सिटी विकसित की जाएगी। ये महाकाल मंदिर के 15 किमी के दायरे में करीब 150 एकड़ में बनेगी। इस नगरी में देश का सबसे बड़ा शिवलिंग भी बनेगा। इसके चारों तरफ 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित किए जाएंगे। ये शिवलिंग और मंदिर इतने बड़े दायरे में होंगे कि इनकी परिक्रमा 8 किमी की होगी। उज्जैन को सबसे बड़े यूनिटी मॉल देने के बाद राज्य सरकार ये सौगात 2028 के सिंहस्थ के पहले 2027 तक देने की तैयारी कर रही है। यहां सैलानियों के रुकने के लिए कॉटेज और आधुनिक बाजार के साथ सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। स्पिरिचुअल सिटी में पर्यटकों के लिए हर श्रेणी के होटल और कॉटेज की व्यवस्था रहेगी। पूरा क्षेत्र हरियाली से भरा होगा। इसमें बच्चों के लिए प्ले एरिया भी रहेगा। उनके खेलने के लिए सभी तरह की अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। गाड़ियों की पार्किंग के लिए बड़ी-बड़ी मल्टीलेवल पार्किंग भी बनाई जाएंगी।

# भारी बारिश के चलते कई जिलों में बाढ़ के हालात

◆ चंबल खतरे के निशान से ऊपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में भारी बारिश के चलते कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। गुना और शिवपुरी में समेत कुछ जिलों में रेस्क्यू के लिए सेना बुलानी पड़ी। शिवपुरी के कोलारस में पचावली गांव में बाढ़ में फंसे 27 स्कूली बच्चों को सेना ने बोट से 30 घंटे बाद सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के अलर्ट के चलते शिवपुरी में कल भी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।**



नर्मदापुरम में नर्मदा नदी खतरे के निशान 964 फीट से एक फीट नीचे बह रही है। मुरैना में चंबल नदी खतरे के निशान से 3 फीट ऊपर बह रही है। आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में बुधवार को भारी बारिश का दौर थमा रहा। जबलपुर में ही 9 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा 1 इंच पानी गिरा। वहीं, भोपाल, बैतूल, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, पचमढ़ी, रायसेन, श्योपुर, उज्जैन, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, सागर, सिवनी, उमरिया, बालाघाट, शिवपुरी समेत 25 से अधिक जिलों में हल्की बारिश का दौर जारी रहा। इधर, भोपाल में सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में बाढ़ और बारिश से बिगड़े हालातों का जायजा लिया। सीएम ने कलेक्टरों को राहत-बचाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये कलेक्टरों की जिम्मेदारी है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बाढ़ में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए रक्षा मंत्रालय से हेलिकॉप्टर सेवा की मदद भी मांगी है। नर्मदापुरम में नर्मदा का जलस्तर 962.40 फीट पर पहुंच गया। नर्मदापुरम शहर से लगे डोंगरवाडा गांव पहुंच मार्ग पर नाले में बैक वाटर आ गया। बुधनी रोड स्थित मैरिज गार्डन के अंदर पानी भराया। सोहागपुर के ग्राम सांकला में नर्मदा किनारे बसे गांव के 7 मकानों में पानी भर गया।

# चेक पोस्ट बंद होने के बाद 51 चेक प्वाइंट सक्रिय, 31 करोड़ से ज्यादा मिला राजस्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। प्रदेश के बदनाम चेकपोस्टों को बंद करने के बाद नई चेक प्वाइंट की जो व्यवस्था सरकार ने लागू की है, उनसे पिछले एक साल में 31 करोड़ से ज्यादा का राजस्व मिल चुका है। परिवहन विभाग की सूची में 55 चेक प्वाइंट शामिल हैं, लेकिन इनमें 51 ही सक्रिय हैं। इन 51 चेक प्वाइंट से राजस्व मिल रहा है। इन्हीं 51 प्वाइंट से नई व्यवस्था से पहले चेक पोस्ट के तौर पर राजस्व आता था।**




विधानसभा में यह लिखित जानकारी प्रदेश के परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप ने कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया के चेक प्वाइंट व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में लिखित में दी। जानकारी में किन चेक प्वाइंटों पर कौन कौन तैनात है, यह भी बताया गया है। विधानसभा में लगे अतारांकित प्रश्न में यह पूछा गया कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2023-24 से अंतरराज्यजीय चेक पोस्ट के हटाए जाने के बाद से परिवहन विभाग ने प्रदेश से लगने वाले अन्य राज्य की सीमा पर जांच के लिए फ्लाइंग स्क्वाड और अन्य कार्य के लिए कौन-कौन से अधिकारी व कर्मचारियों को नियुक्त किया है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने एक जुलाई से प्रदेश के चेक पोस्टों को बंद कर दिया था, जिसके बाद नई व्यवस्था के तहत परिवहन चेक प्वाइंट शुरू किए गए। इन परिवहन चेकप्वाइंट को अत्याधुनिक ढंग से संचालित करने का दावा किया गया था लेकिन बजट व संसाधनों की कमी के कारण यह समय पर संचालित नहीं हो सके थे। इन चेक प्वाइंटों पर मानव रहित कार्रवाई को बढ़ावा दिया जाना लक्ष्य है।

# रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर 6 माह के बच्चे को छोड़कर भागी महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। शहर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर महिला दूध मुंहे बच्चे को यात्रियों के पास छोड़कर फरार हो गई। महिला का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें वह बच्चे को छोड़ने के बाद रेलवे स्टेशन से भागते हुए बाहर जाते हुए दिखाई दे रही है। यात्रियों ने बच्चे को पुलिस को सौंप दिया। जहां से उसे मातृ छाया भेजा है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि राजस्थान से महाकाल दर्शन को आया परिवार मंगलवार शाम को वापस जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर 1 पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान करीब 6 माह का बच्चा गोद में लिए एक महिला उनके पास आई। कहा कि बच्चे को कुछ देर के लिए अपने पास रख लो, मुझे बाथरूम जाना है। महिला वहां से गई तो वापस लौट कर ही नहीं आई। यात्रियों ने उसे काफी खोजा लेकिन वो नहीं मिली। जिसके बाद यात्री बच्चे को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।


जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111050101

## संपादकीय

# ट्रंप के कदम से अनिश्चितता बढ़ी

साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए हो रही बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का जो ऐलान किया है, उससे निर्यात पर काफी बड़ा असर पड़ेगा। उद्योग संगठनों ने यह चिंता जताई है। वहीं, कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने बुधवार देर शाम कहा कि ट्रंप का ऐलान 1 अगस्त से लागू होगा, लेकिन आने वाले दिनों में मिनी ट्रेड एग्रीमेंट की गुंजाइश बनी हुई है जिसमें टैरिफ कम रखने का प्रयास हो रहा है। व्यापार समझौते पर बातचीत के छठे दौर के लिए अमेरिकी अधिकारियों का दल 25 अगस्त को भारत आने वाला है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा कि ट्रंप ने जो कुछ कहा है, उसमें पेनाल्टी सहित कुछ चीजें साफ नहीं हैं। द्विपक्षीय समझौते पर बातचीत जारी रहेगी। इस बीच मिनी ट्रेड डील का प्रयास भी हो रहा है। यह डील होने पर इसकी शर्तों के मुताबिक टैरिफ लगेगा। इसकी संभावना बनी हुई है।' निर्यातकों के संगठन FIEO के डायरेक्टर जनरल डॉ. अजय सहाय ने कहा कि ट्रंप के कदम से अनिश्चितता बढ़ गई है। कितनी पेनाल्टी लगेगी, यह साफ होने तक भारतीय निर्यातक और अमेरिकी आयातक न तो लैंडेड कॉस्ट का अंदाजा लगा पाएंगे, न ही यह आकलन कर पाएंगे कि टैरिफ के बोझ से किस तरह निपटा जाएगा। इस अनिश्चितता से सप्लाई चेन प्लानिंग और प्राइसिंग की रणनीति प्रभावित होगी।' FICCI प्रेसिडेंट हर्षवर्द्धन अग्रवाल ने ट्रंप के बयान पर निराशा जताते हुए कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण कदम का हमारे एक्सपोर्ट्स पर साफ तौर पर असर पड़ेगा। उम्मीद है कि ज्यादा टैरिफ का दौर छोटा ही रहेगा और दोनों पक्षों के बीच एक स्थायी व्यापार समझौता जल्द हो जाएगा।' PHDCCI प्रेसिडेंट हेमंत जैन ने कहा कि समय आ गया है कि इंडियन इंडस्ट्री क्वॉलिटी और कॉम्पिटीटिवनेस के साथ खड़ी हो। चीन और वियतनाम पर इसी तरह के टैरिफ लगने के साथ भारत को लॉन्ग टर्म ट्रस्ट, विविधता से भरे मार्केट शेयर और भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर के रूप में मजबूत पोजिशनिंग से फायदा होगा।' रत्न एवं आभूषण, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, कपड़ा और दवा उद्योगों का मामला ज्यादा अहम है। अमेरिका को कुल निर्यात में इनका हिस्सा 40% से ज्यादा है। 2024 में भारत से 21.5 बिलियन डॉलर की इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल मशीनरी, $12.7 बिलियन की दवाएं, $12 बिलियन से ज्यादा के रत्न आभूषण और $8 बिलियन के रेडीमेड गारमेंट्स सहित टेक्सटाइल्स अमेरिका भेजे गए। हालांकि, भारत अकेला नहीं है। 90 देशों पर अमेरिका ने जवाबी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश (35%), थाईलैंड (36%), कंबोडिया (36% ) और इंडोनेशिया (32%) जैसे मुख्य प्रतिद्वंद्वी देशों पर ज्यादा टैरिफ को देखते हुए तुलनात्मक रूप से कुछ मामलों में कम आंच आएगी।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## आप मौन रखिएगा थोड़ा....

जरूरत हो उतना बोलना ये मौन है....
मन की प्रसन्नता में जियो ये मौन है.... बस...
ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं... कई लोग बहुत बोलते हैं... जिनको गीता ने दीर्घसूत्री कहा... लंबा-लंबा.... कहां की बात कहां....
मौन एक महामंत्र है... हो सके तो करना... कोई चिंता नहीं... समय पर बोलना... मीठा बोलना... सत्य बोलना...ये सब मौन में आता है....

(राम कथा - मानस महामंत्र )

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

"एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

Chhattisgarh

# सुकमा मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**सुकमा, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है. केरलापाल थाना क्षेत्र के डोंगिनपारा जंगल में हुई मुठभेड़ में एक 5 लाख का इनामी नक्सली मारा गया. 29 जुलाई 2025 को सुबह से शुरू हुई इस मुठभेड़ में सुकमा डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया.**

मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव बरामद हुआ. उसकी पहचान कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा के रूप में हुई है, जो केरलापाल



एरिया कमेटी का सदस्य था और गोगुंडा गांव, सुकमा का निवासी था. मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त की गई. बरामद सामग्री में एक BGL लॉन्चर, एक BGL पोज, नौ BGL सेल, नौ BGL लॉन्चर कटिंज, एक वायरलेस सेट चार्जर सहित, 11 डेटोनेटर, चार गांठदार कॉर्डेक्स वायर, दो जिलेटिन रॉड, दो पिट्ठू, एक एलीमीटर, करीब 10 मीटर बिजली वायर, पांच नक्सली साहित्य और अन्य जरूरी सामान शामिल है. इस अभियान के दौरान प्रेशर IED ब्लास्ट में डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए. उन्हें तुरंत मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. सभी जवानों की स्थिति अब स्थिर है.

Bihar

## खड़े ट्रक में जा घुसा ऑटो, बिहार में 3 इंजीनियरिंग छात्रों की दर्दनाक मौत; 2 जख्मी



**लखीसराय,(एजेंसी)** बिहार के लखीसराय जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में इंजीनियरिंग के तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि यह हादसा गुरुवार की सुबह लखीसराय-जमुई सीमावर्ती नोनगढ़ चेक पोस्ट के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि कुछ छात्र एक ऑटो पर सवार थे। तेज रफ्तार इस ऑटो ने यहां पर खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गया। हादसे में घायल दो छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

हादसे में घायल छात्रों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सड़क हादसे की जानकारी पुलिस को भी दी गई थी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बेहतर इलाज के लिए इन्हें पटना रेफर किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ऑटो में सवार छात्र शिवसोना इंजीनियरिंग कॉलेज के तृतीय वर्ष के छात्र थे। बुधवार को इनकी परीक्षा खत्म हुई थी। जिसके बाद वो सुबह अपने-अपने घर लौट रहे थे लेकिन रास्ते में वो सड़क हादसे का शिकार हो गए। सभी छात्रों की उम्र 19 से 22 साल के बीच बताई जा रही है। हादसे के बाद ऑटो चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

Uttarpradesh

## स्कूल जा रही आर्मी वैन में घुसा कैंटर, मची चीख-पुकार, एक छात्रा की मौत, पांच घायल

**मेरठ,(एजेंसी)** मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। छात्र-छात्राओं को स्कूल लेकर जा रही आर्मी की वैन में तेज रफ्तार कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में छात्रा आर्या सिरोही की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। मृतक छात्रा किस कक्षा में पढ़ती है इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वैन बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी, तभी सामने से आए तेज रफ्तार कैंटर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और वैन में सवार छात्र छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। बताया गया कि कैंटर ओवरलोडेड था। तेज रफ्तार के साथ वह सीधा वैन में जा घुसा। वहीं टक्कर लगने से स्कूल वैन का कचूमर हो गया।

New Delhi

## बर्थडे पार्टी, मोमोज वाले से झगड़ा और खून, दिल्ली में मारा गया फरीदाबाद का विकास, हत्यारों में बच्चा भी

**नई दिल्ली,(एजेंसी)** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में बुधवार रात फरीदाबाद के एक शख्स को चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका साथी जख्मी हो गया। दोनों नोएडा एक कंपनी में काम करते हैं और दिल्ली में एक मोमेज वाले से उनका झगड़ा हो गया था। आरोपी ने अपने दोस्तों के संग मिलकर रॉड और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। हैरानी की बात है कि हत्या के आरोपियों में एक 13 साल का बच्चा भी शामिल है।

30 जुलाई की रात दिल्ली पुलिस को सूचना मिली की एलबीएस अस्पताल में एक शख्स की लाश लगाई गई है जिसके जिस्म पर चाकू मारे जाने के घाव है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो पता चला कि मृतक सीएनजी पंप, पेपर मार्केट के पास अचेत मिला था और आजाद मिश्रा नाम का व्यक्ति अस्पताल लेकर पहुंचा। मृतक की पहचान विकास वलेचा निवासी सेक्टर 5 फरीदाबाद के रूप में हुई। 28 साल का विकास नोएडा सेक्टर 5 की एक कंपनी में सेल्स मैनेजर था। उसके साथ जख्मी हुआ सुमित शर्मा भी उसी कंपनी में काम करता है और गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मृतक और उसके अन्य सहकर्मी एक बर्थडे पार्टी मना रहे थे। इस दौरान उनकी चर्चा एक मोमोज वाले से झगड़े को लेकर हुई। उसकी पहचान के लिए वे लोग गाजीपुर पेपर मार्केट के पास रात को करीब साढ़े 10 बजे तीन कार से पहुंचे। सीएनजी पंप के पास एक शराब की दुकान पर उन्होंने सलमान को पहचान लिया। सलमान ने उन्हें देखते ही एक रॉड निकाला और अपने दोस्तों आजाद मिश्रा, मोनू मिश्रा और एक नाबालिग को बुलाकर हमला कर दिया।

खेल

# आयुष शेट्टी मकाऊ ओपन के क्वार्टर फाइनल में, ध्रुव-तनिषा भी अगले दौर में पहुंचे




**मकाऊ,(एजेंसी) भारत के युवा खिलाड़ी सातवें वरीय आयुष शेट्टी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।**

विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले हुआंग को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई।

सिनेमा

## धार्मिक भावना भड़काने के केस में फंसे राजकुमार राव, जालंधर कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत



बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव मुश्किल में फंस गए हैं. दरअसल, धार्मिक भावना भड़काने का आरोप एक्टर पर लगा है. इसपर केस भी दर्ज किया गया था, लेकिन जब एक्टर के खिलाफ समन जारी हुए तो वो उनके गलत एड्रेस पर पहुंच गए. जिसकी वजह से वो कोर्ट में पेश नहीं हो पाए. बाद में राजकुमार राव के खिलाफ अरेस्ट वॉरन्ट जारी हुआ. फिल्म 'स्त्री' के हीरो राजकुमार राव हाल ही में जालंधर कोर्ट में पेश हुए. उन्होंने खुद को सरेंडर किया. दरअसल, राजकुमार पर धार्मिक भावना भड़काने के केस में पेश न होने पर अरेस्ट वॉरन्ट जारी हुआ था. जालंधर के जेएमआईसी जज श्रीजन शुक्ला की कोर्ट में सोमवार यानी 28 जुलाई को धार्मिक भावना भड़काने के केस में राजकुमार राव ने सरेंडर किया था. कोर्ट में पेश न होने को लेकर राजकुमार के खिलाफ अरेस्ट वॉरन्ट जारी किए गए थे. केस की अगली सुनवाई 30 जुलाई को हुई, जिसमें बचाव पक्ष के वकील दर्शन सिंह दयाल ने स्टेटमेंट दिया. उन्होंने कोर्ट में दलील देते हुए कहा- उनके क्लाइंट को कोर्ट से राहत मिलने के बाद वो जांच में शामिल हो गए थे. पुलिस ने जांच पूरी कर चार्जशीट कोर्ट में फाइल कर दी थी, लेकिन जिस एड्रेस (प्रेम नगर गुड़गांव) पर कोर्ट की ओर से समन भेजे गए थे, वो उन्हें नहीं मिले, क्योंकि अब एक्टर वहां नहीं रहते.

## Highlights

1. 120 sheep, goats killed by lightning in Kangra's Boh Valley
2. Asked to prove citizenship by Pune police, mob: Kargil veteran's family
3. Punjab man to visit Russia again to search for brother
4. Video shows doctors dancing on dhol in UP hospital, probe launched
5. Despite sterilisation drive, dog-bite cases surge across Amritsar
6. BJP MP urges Delhi Police to book Bengal CM over assault post
7. Punjab to emerge as open arena for animal sports
8. He sounded like Pak leader, not LoP: BJP on Rahul's speech in LS
9. IAS officer seen doing sit-ups on 1st day of posting over lack of cleanliness in UP
10. Bihar CM announces hike in incentives for rural health workers

# ITR-3 filing open: who can file, how to file, key rules for AY 2025-26| All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** The Income Tax Department has activated the option to file ITR-3 online for the Assessment Year 2025-26 (Financial Year 2024-25). This is now available on the department's e-filing website.

The announcement was made on Wednesday, July 30, through a public notice that said, "Kind Attention Taxpayers! Income Tax Return Form of ITR-3 is now enabled for filing through online mode."

Who can file ITR-3 ?

ITR-3 applies to individuals and Hindu Undivided Families (HUFs) who earn income from:

- Running a business or profession
- Share trading, including futures and options
- Being a partner in a firm
- Investing in unlisted equity shares
- Earning capital gains or income from abroad
- Having income from more than one source, such as salary, property, pension, and business
- Having total income above ₹50 lakh and also business income
- Being a company director

This form is not for companies, LLPs, or firms. It is meant only for individuals and HUFs with business or professional income.

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....
व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....
कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...
जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।
समाज में जागरुकता फैलाये।
FOLLOW US
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

# लव जिहाद की फंडिंग का आरोपी पार्षद गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लव जिहाद के लिए फंडिंग के आरोपी इंदौर के कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पुलिस ने जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार किया है। उस पर हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए एक लाख और निकाह करने के लिए दो लाख रुपए मुस्लिम युवकों को देने के आरोप हैं।**

पुलिस ने इससे पहले सोमवार को अनवर की बेटी आयशा को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दिल्ली में दबिश दी थी, तब अनवर फरार हो गया था। उसे श्रीनगर पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। हालांकि, इंदौर पुलिस ने अनवर की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। बेटी आयशा दिल्ली में अपने पिता अनवर कादरी की सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत को लेकर तैयारी कर रही थी। उसने वहां जमानत के दस्तावेज भी तैयार कराए थे, जिन पर अनवर के हस्ताक्षर हो गए थे। पुलिस को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को शंका हुई थी कि अनवर बेटी के पास दिल्ली में है और टीम वहां पहुंच गई। सोमवार को आयशा की गिरफ्तारी से पहले कई महिलाएं क्राइम ब्रांच के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करने पहुंची थीं। उनका आरोप था कि बेटियों को



जबरन फंसाया जा रहा है। अनवर की गिरफ्तारी नहीं होने के चलते पुलिस अब परिवार को निशाना बना रही है।

## वकील है और जज की पढ़ाई कर रही है आयशा

अनवर कादरी के परिवार के लोगों का कहना है कि आयशा की गिरफ्तारी कानूनी रूप से पूरी तरह गलत है। वह वकील होने के नाते जमानत की अर्जी की तैयारी कर रही थी, ऐसे में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आयशा खुद पेशे से वकील है और दिल्ली में रहकर सिविल जज की पढ़ाई की तैयारी कर रही है। उसकी छोटी बहन भी दिल्ली से वकालत की तैयारी कर रही है। पुलिस को मोबाइल में अनवर के साथ उसकी कोई बातचीत नहीं मिली, तो उसे वहीं छोड़ दिया गया। छोटी बहन ने ही इंदौर में परिवार को आयशा के पकड़े जाने की जानकारी दी थी। बाणगंगा पुलिस को फिलहाल आयशा का 3 अगस्त तक का रिमांड मिला हुआ है।

### दुर्लभ कश्यप गैंग के बदमाशों के साथ फरारी काट रहा था

# करोड़पति ड्रग माफिया उज्जैन से गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने ड्रग्स माफिया शुभम नेपाली को उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। वह दुर्लभ कश्यप गैंग के बदमाशों के साथ फरारी काट रहा था। वॉट्सएप कॉल के जरिए उन युवकों के संपर्क में था, जिन्हें एमडी ड्रग्स बेचने के लिए रखा है। वह हर महीने करीब दो करोड़ रुपए का ड्रग बेचता है। नेपाली से पुलिस पूछताछ कर रही है।**

टीआई सुशील पटेल की टीम शुभम नेपाली की तलाश में थी, तभी मुखबिर ने उसके उज्जैन में होने की सूचना दी। बता दें कि पुलिस ने एक माह पहले कुछ युवकों को इंदौर में ड्रग के साथ पकड़ा था। पूछताछ में शुभम नेपाली का नाम भी सामने आया था। तब पुलिस ने केस दर्ज कर



तलाश शुरू की थी। इंदौर जोन 4 के एडिशनल डीसीपी दिनेश अग्रवाल ने बताया कि आरोपी शुभम नेपाली पिता सीताराम यादव 7 अपराधों में फरार था। उस पर 18 अपराध पंजीबद्ध हैं। जिनमें हत्या का प्रयास, लूट अड़ीबाजी, आर्म्स एक्ट जैसे मामले शामिल हैं। लगभग 2 वर्ष पूर्व जब वह जेल में था तब उसकी मुलाकात राजस्थान के ड्रग तस्कर अय्यूब लाला से हुई थी। इसके बाद वह राजस्थान से ब्राउन शुगर लेकर आता था और शहर में सप्लाई करता था। थाना द्वारकापुरी में भी उस पर एनडीपीएस के पंजीबद्ध थे। इन अपराधों में वह फरार था। उस पर 5 हजार का इनाम था। उस पर एक मामला किशनगंज थाने में भी पंजीबद्ध है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। शुभम फरारी के दौरान इंदौर के लसूड़िया तुलसी नगर में एक फ्लैट में रहा। इसके बाद राउ फिर उज्जैन चला गया। पुलिस को दो मोबाइल मिले हैं। दोनों किसी मूसाखेड़ी वाले बदमाश के नाम से थे। शुभम को महंगी गाड़ी रखने का शौक है। अभी साढ़े तीन लाख की बाइक और एक कार खरीदी है। शुभम नेपाली के के पास करीब 12 युवा हैं, जो ड्रग की पुड़िया बाजार में सप्लाई करते हैं। जेल में रहने के दौरान भी उसके लड़के द्वारकापुरी, राउ, चंदन नगर और अन्नपूर्णा इलाके में ड्रग बेच रहे थे। वह महीने में लगभग 2 करोड़ का कारोबार करता है।

# होटल में जाकर फांसी लगा ली

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर।** छोटी ग्वालटोली इलाके में एक होटल में मंगलवार रात एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 47 वर्षीय अमरसिंह भदौरिया निवासी भागीरथपुरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे पिछले छह माह से बेरोजगार थे और आर्थिक तंगी के चलते तनाव में थे। घर से थोड़ी देर में लौटने का कहकर निकले थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उसे मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, घटना प्रिंस होटल की है, जहां अमर सिंह शाम करीब 7 बजे पहुंचे थे। उन्होंने रिसेप्शन पर बताया कि उनका पीथमपुर से पार्सल आना है, इसलिए रुकना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने होटल स्टाफ से कहा था कि यदि वे नीचे नहीं आएं तो 9 बजे खाने का ऑर्डर लेने किसी को भेज दें। रात करीब 10 बजे जब कर्मचारी कमरे में गए तो अमरसिंह फंदे पर लटके मिले। तुरंत होटल मैनेजर और फिर पुलिस को सूचना दी गई। अमर सिंह के भतीजे प्रियांशु ने बताया कि वह चश्मे की दुकान में काम करते थे, लेकिन छह माह पहले दुकान बंद होने से उनकी नौकरी चली गई थी। इसके बाद से वे बेरोजगार थे और मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। उन्होंने घर से निकलते समय अपने चाचा से कहा था कि थोड़ी देर में लौट आएंगे। अमर सिंह के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक